# एचबीटीयू में जल्द मिलेंगे टैब, छात्र संख्या मांगी गई



एचबीटीयू समेत अन्य शिक्षण संस्थानों में जल्द ही टैबलेट वितरण शुरू होगा। इसके लिए सभी तकनीकी व उच्च शिक्षण संस्थानों से छात्र-छात्राओं की संख्या वर्षवार मांगी गई है। एचबीटीयू में प्राविधिक शिक्षा मंत्री जितिन प्रसाद ने घोषणा की थी कि छात्र-छात्राओं को शीघ्र ही टैब दिए जाएंगे। अंतिम वर्ष के छात्रों को टैब पहले दिए जाएंगे।